समाधि पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की

शांति, एकता व प्रेरणा के केंद्र थे भाई सुब्बाराव : तोमर

जौरा@पत्रिका. गांधीवादी विचारक व समाजसेवी डॉ. एस. एन. सुब्बाराव की समाधि शांति और सद्भावना का केंद्र बन गई है। गुरुवार को अभा हॉकी संघ के उपाध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर (रामू भैया) ने भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह के साथ भाईजी की समाधि पर पुष्प अर्पित किए।

इस अवसर पर जौरा नगरपालिका अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने अतिथियों का स्वागत किया और समाधि पर उनकी अगवानी की। इस मौके पर महात्मा गांधी सेवा आश्रम के व्यवस्थापक लक्ष्मी नारायण शर्मा, संजय जादौन, रासेयो अध्यक्ष युवराज यादव भी मौजूद थे।

श्योपुर एक्सप्रेस समाचार

डॉ . एस. एन. सुब्बाराव जी की 96वीं जयंती- जौरा में भावपूर्ण श्रद्धांजलि

भाई जी ने बागियों का समर्पण करवा कर चंबल अंचल को शांति क्षेत्र बनाया। : अखिल माहेश्वरी

डॉ. एस. एन. सुब्बाराव जी, जिन्हें प्रेम और सम्मान से भाई जी कहा जाता था, का जीवन अहिंसा, सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित रहा। उनकी कर्मस्थली और समाधि स्थल जौरा, मध्य प्रदेश में उनकी 96वीं जयंती का भव्य आयोजन किया गया।

जौरा (निज संवाददाता)। जहां भाई जी ने महात्मा गांधी सेवा आश्रम की स्थापना की और समाज सेवा के अनगिनत कार्य किए, आज भी उनकी प्रेरणा से जागृत है। भाई जी ने चंबल के डाकुओं के पुनर्वास, शिक्षा, युवा जागरण, और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए यहां जीवनभर कार्य किया। उनकी स्मृति में, इस पवित्र भूमि पर हर वर्ष उनकी जयंती मनाई जाती है।

समारोह की झलकियां : इस वर्ष 7 फरवरी 2025 को जौरा में भाई जी का 96वां जन्मदिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी सेवा आश्रम के व्यवस्थापक प्रफुल्ल श्रीवास्तव, जौरा विधायक पंकज उपाध्याय, एल. एन. त्यागी, लक्ष्मीनारायण शर्मा, और एक सैकड़ा से अधिक स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

श्रद्धांजलि और प्रेरणा : भाई जी की समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके योगदान को याद करते हुए वक्ताओं ने उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। बच्चों और युवाओं ने भाई जी के आदर्शों पर चलने और समाज में शांति एवं समरसता लाने की शपथ ली।

भाई जी की विरासत : भाई जी का जीवन हमें सिखाता है कि निस्वार्थ सेवा, प्रेम और अहिंसा से हम समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। उनकी 96वीं जयंती पर हम संकल्प लें कि उनके दिखाए रास्ते पर चलकर एकता, शांति और सेवा का संदेश आगे बढ़ाते रहेंगे।

भाई जी की प्रेरणा से समाज सेवा का दीप जलता रहे!

नपाध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने कहा कि भाई जी शांति दूत थे चंबल से बागी समस्या समाप्त कर इस अंचल को शांति का टापू बना दिया उन्होंने अहिंसा के क्षेत्र में अविस्मरणीय कार्य किए।

महात्मा गांधी सेवा आश्रम जौरा के प्रांगण में स्थित भाई जी की समाधि पर नगर पालिका अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी, भोपाल से पधारे दिनेश सिंह कुशवाह एसडीओ (पी डब्ल्यू डी) बल्लभ भवन,जौरा विधायक पंकज उपाध्याय आश्रम के प्रबंधक प्रफुल्ल श्रीवास्तव एकता परिषद मध्यप्रदेश के अध्यक्ष डोंगर शर्मा, एडवोकेट दिनेश सिंह सिकरवार, आशीष गर्ग सोनू आजाद,जिम्मी जार्ज,विकास अरोड़ा अरवल, मनोज कुमार जावरा,रवि आर्य, संजय यादव,एच एल ग्रुप स्कूल एल एन त्यागी, सोल्जर स्कूल 350 से भी अधिक बच्चों ने भाई जी की समाधि पर उनके कृतित्व व व्यक्तित्व व उपलब्धियों का स्मरण कर याद किया तथा भाई जी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।